आज दिनाँक 03-02-2020 को महाविद्यालय में छात्र/छात्राओं एवं प्राध्यापकों ने एक भारत श्रेष्ठ भारत की शपथ ग्रहण की । उक्त कार्यक्रम में छात्र/छात्राओं एवं प्राध्यापकों ने मानव श्रृंखला बनाकर रैली के माध्यम से महाविद्यालय के पास के ग्रामीण क्षेत्र में एक भारत श्रेष्ठ भारत, पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त भारत, वृक्षारोपण एवं जल संचयन का संदेश दिया । रैली का आयोजन महाविद्यालय से प्रारम्भ होकर कुचलाई ग्राम के प्राथमिक विद्यालय होकर पुनः महाविद्यालय में सम्पन्न हुई । नोडल अधिकारी डॉ0 राम आसरे ने बताया कि भारत सरकार के आदेश के अनुपालन में प्रतिमाह राष्ट्रीय एकता, जल संचयन एवं प्लास्टिक का प्रयोग न करने की शपथ दिलायी जायेगी। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ0 शालिनी सिंह, डॉ0 प्रीति वाजप्ये, डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद द्विवेदी, डॉ0 मुदब्बिर कमर, डॉ0 गगन कुमार, श्री मुकेश कुमार गौतम उपस्थित रहे ।